प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 02.02.2026 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- केन्द्रीय बजट 2026–27 से राजस्थान में बुनियादी ढांचे टेक्सटाइल और पर्यटन सहित अन्य क्षेत्रों में विकास को गति मिलेगी–बजट को लेकर मिलीजुली प्रतिक्रियाएं।

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज जयपुर में पंचायती राज सशक्तिकरण अधिवेशन को संबोधित करेंगे।

- प्रदेश में बीते 24 घंटों में कई स्थानों पर बारिश का दौर चला–कोटा और बारां में ओले भी गिरे।

- एशियाई राइफल और पिस्टल शूटिंग चैम्पियनशिप आज से नई दिल्ली में।

00000

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने कल संसद में केन्द्रीय बजट 2026–27 पेश किया। इसमें विनिर्माण बुनियादी ढांचे और रोजगार सृजन को बढावा देने पर जोर दिया गया है। वैश्विक अनिश्चितता के बीच वित्त मंत्री ने विकास को गति देने के लिए बहुआयामी रणनीति पेश की है।

केन्द्रीय बजट से राजस्थान में बुनियादी ढांचे, टेक्सटाइल और पर्यटन सहित विभिन्न क्षेत्रों में विकास को गति मिलेगी। बजट आने के साथ ही राजनीति, उद्योग, व्यापार जगत के प्रतिनिधि अपने–अपने तरीके से बजट का विश्लेषण कर प्रतिक्रिया दे रहे है। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने केन्द्रीय बजट को अर्थव्यवस्था को नई रफ्तार देने वाला बताया। उन्होंने कहा कि इस बजट में क्षमता निर्माण और जन आकांक्षाओं को पूरा करने का रोडमेप दिया गया है। चित्तौडगढ सांसद और पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी ने कहा कि सरकार ने बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा है। स्वास्थ्य क्षेत्र और युवाओं के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं की है।

....

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने केन्द्रीय बजट को निराशाजनक बताया। उन्होंने कहा कि राजस्थान के लिए कोई विशेष घोषणा नहीं की गई है।

....

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़ ने कहा है कि बजट प्रावधानों से देश का बुनियादी ढांचा मजबूत होगा और महिलाओं को रोजगार मिलेगा।

....

फिक्की के चेयरमैन और आईटी कारोबारी अजय डाटा ने बजट को देश को दुनिया की तीसरी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में सहायक बताया है। उन्होंने कहा कि बजट में इफ्रास्टक्चर के विकास और आयात–निर्यात का खास ध्यान रखा गया है।

0000

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि युवा भविष्य के लीडर हैं और देश इनकी तरफ आशा से देख रहा है। केंद्रीय बजट पेश होने के बाद, नई दिल्ली में देश के अलग–अलग इलाकों के कॉलेज विद्यार्थियों से बात करते हुए, वित्त मंत्री ने कहा कि बजट और सरकारी काम देश के युवा नेतृत्व के लिए रास्ता तैयार करने के लिए हैं। उन्होंने कहा कि अलग–अलग मांग को प्रबंधित करना एक ऐसी समस्या है जिसका सामना हर वित्त मंत्री को करना पड़ता है और इसे संतुलित करना बहुत मुश्किल काम है। श्रीमती सीतारमण ने इस बात पर ज़ोर दिया कि देश सुरक्षित होना चाहिए, किसानों की उपज बढानी चाहिए और उनकी पैदावार सही कीमत पर खरीदी जानी चाहिए।

0000

मुख्यमंत्री भजनल लाल शर्मा आज जयपुर में पंचायती राज सशक्तिकरण अधिवेशन में शामिल होंगे। राजस्थान सरपंच संघ की ओर से ये आयोजन दुर्गापुरा स्थित कृषि अनुसंधान केन्द्र में आयोजित किया जा रहा है। राजस्थान सरपंच संघ के प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर गढवाल ने बताया कि अधिवेशन में प्रदेशभर

से सरपंच और प्रशासक भाग लेंगे। इस दौरान पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाने और ग्रामीण विकास को गति देने पर चर्चा की जायेगी।

000

प्रदेश में ऊर्जा संरक्षण और जागरूकता अभियान—सक्षम आयोजित किया जा रहा है। केन्द्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की ओर से तेल और गैस के बेलगाम उपयोग पर अंकुश लगाने के लिए ये अभियान चलाया जा रहा है। 15 फरवरी तक चलने वाले संरक्षण क्षमता महोत्सव की थीम तेल और गैस बचाओ—हरित ऊर्जा अपनाओं रखी गई है।

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने प्रदेशवासियों से अभियान में सक्रिय सहभागिता की अपील की है। उन्होंने कहा कि नागरिकों को दैनिक जीवन में ऊर्जा के दक्ष और किफायती उपयोग के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए।

0000

पूर्व मंत्री और भाजपा नेता हेम सिंह भडाना का आज अलवर में अपने आवास पर निधन हो गया। श्री भडाना लंबे समय से बीमार थे। वे थानागाजी विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे और पिछली भाजपा सरकार में खाद्य मंत्री के रूप में कार्यरत थे। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने श्री भडाना के निधन पर गहरा दुख जताया है और परिजनों के लिए संवेदना व्यक्त की है।

0000

प्रदेश में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के असर से बीते 24 घंटों में कई स्थानों पर बारिश का दौर चला। वहीं कुछ जगह ओले भी गिरे। मौसम विभाग के अनुसार जयपुर, अजमेर, करौली, धौलपुर में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। वहीं कोटा और बारां में ओले भी गिरे। बारां से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले के अटरू, अंता और शाहबाद में ओले गिरे। इससे मौसम में ठंडक बढ गई है।

....

प्रदेश में आज कोटा, भरतपुर, हनुमानगढ़ और भीलवाडा सहित कई स्थानों पर घना कोहरा देखने को मिल रहा है। वहीं आज से ही एक ओर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। इससे अगले दो दिन जयपुर, अजमेर, कोटा और भरतपुर संभाग के कुछ भागों में गरज के साथ बारिश की गतिविधियां जारी रहने के आसार है। हालांकि राज्य के पश्चिमी और दक्षिणी पश्चिमी हिस्सों में मौसम शुष्क रहेगा।

0000

एशियाई राइफल और पिस्टल शूटिंग चैंपियनशिप—2026 आज से नई दिल्ली में शुरू हो रही है। डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज में दो सप्ताह चलने वाली इस प्रतियोगिता में एशिया के शीर्ष खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगी पुरुष, महिला, जूनियर और युवा वर्गों में 10 मीटर, 25 मीटर और 50 मीटर राइफल तथा पिस्टल स्पर्धाओं में जीत के लिए मुकाबला करेंगे। इस प्रतियोगिता में व्यक्तिगत और टीम तथा मिश्रित मुकाबलों में 17 देशों के खिलाडी भाग ले रहे हैं।

0000

प्रदेश के पैरालंपियन श्यामसुंदर स्वामी ने 7 जी पैरा नेशनल चैंपियनशिप में एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीतकर प्रदेश का मान बढाया है। पंजाब के पटियाला में आयोजित इस प्रतियोगिता में क्वालिफिकेशन राउंड में 702 अंक हासिल कर श्यामसुंदर ने तीरंदाजी में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं इसके बाद उन्होंने एलिमिनेशन राउंड में सेमीफाइनल तक का सफर तय किया, जहाँ कड़े मुकाबले में उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा। हालांकि उन्होंने कांस्य पदक जीतने में सफलता हासिल की।

0000